दिनांकः 14.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। साथ ही दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद क्षेत्रीय चैनलों द्वारा इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे इसका संस्करण प्रसारित करेगा।

राष्ट्र कल अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर पर झंडा रोहण करेंगे और राष्ट्र के नाम संबोधन देंगे। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झंडा रोहण करेंगे और परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने आज स्टेडियम का दौरा किया। राज्य के विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी राष्ट्र ध्वज फहराएंगे। आजादी की सालगिरह धूमधाम से मनाने को लेकर विभिन्न तैयारियां की गई हैं। विभिन्न सरकारी और ऐतिहासिक इमारतों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। आज जयपुर के अल्बर्ट हॉल और शहीद स्मारक पर शाम को देश भक्ति की स्वर लहरियां बिखेरी जाएंगी। यहां मिलिट्री और पुलिस बैंड की ओर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। जयपुर के साइंस पार्क में आज शाम ''हमारी शान तिरंगा'' संगीत कार्यक्रम रखा गया है।

आजादी की वर्षगांठ से पहले, राष्ट्र आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। इसे 1947 के विभाजन के दौरान विस्थापित और पलायन कर चुके लोगों की याद में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन असंख्य लोगों को याद किया है, जिन्होंने विभाजन की त्रासदी की पीडा झेली। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2021 से 14 अगस्त को हर साल विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का फैसला लिया है।

इधर, विभाजन विभीषिका को लेकर प्रदेश में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनी लगाई गई है। इनमें चित्रों के माध्यम से विभाजन के दुख को दर्शाया गया है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में आज भी कई गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। सरहदी जिले जैसलमेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तिरंगा यात्रा को रवाना किया। सोनार दुर्ग से निकाली गई यात्रा में उपुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कई जनप्रतिनिधि, सेना के जवान और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। जोधपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में बीएसएफ जवानों ने भाग लिया। इस दौरान बीएसएफ का ऊंट दस्ता आकर्षण का केन्द्र रहा। जयपुर के नायला स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से मार्च निकाला गया और लोगों को निःशुल्क झंडे वितरित किये गये। कोटा के किशोर तालाब से निकाली तिरंगा मैराथन में आमजन के साथ एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने भी हिस्सा लिया।

राज्यसभा उपचुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन सितम्बर को राजस्थान से राज्यसभा की एक खाली सीट पर होने वाले उपचुनाव के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने रिटर्निंग अधिकारी और विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद के अलावा निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई।

पिछले साल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर चन्द्रयान की सफल लैण्डिग के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार ने इस साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस उपलक्ष में जल शक्ति मंत्रालय और राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग की ओर से आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रदर्शनी और रन–अप कार्यक्रम के तहत सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने किया। इस दौरान पार्वती बांध, धौलपुर के कमांड क्षेत्र के किसानों के लिए तैयार किए गए किसान साथी मोबाइल एप का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर इसरो के वैज्ञानिक और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और आमजन मौजूद रहे।